भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2216

सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना

†2216. श्री शफी परम्बिलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत पर्यटन विकास परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत पर्यटन विकास परियोजनाओं के चयन के क्या मानदंड हैं; और

(ग) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत केरल राज्य से पहचान की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान कर पर्यटन अवसंरचना विकास के उनके प्रयासों को संपूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से अब स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और केरल राज्य में 1 परियोजना सहित देश में 34 परियोजनाओं को विकास हेतु स्वीकृति प्रदान की है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

एसडी 2.0 के तहत पर्यटन विकास परियोजनाओं का चयन योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से किया जाता है। इसके अलावा एसडी 2.0 के तहत गंतव्यों/परियोजनाओं को चिह्नित करने में समग्र विकास का दृष्टिकोण अपनाया जाता है, जिसमें मौजूदा पर्यटन ईकोसिस्टम को समझना, कनेक्टिविटी, स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन के साथ सामंजस्य, भावी पर्यटन क्षमता आदि शामिल हैं।

*****

अनुबंध

श्री शफी परम्बिल द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के संबंध में दिनांक 09.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2216 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष
1	आंध्र प्रदेश	अराकू-लम्बासिंगी	अराकू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	29.87	2023-24
2	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	14.02	2023-24
3	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	18.48	2023-24
4	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	12.75	2023-24
5	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस	26.67	2023-24
6	असम	जोरहाट	रिइमेजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	23.91	2023-24
7	गोवा	पोर्वोरिम	पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस	23.56	2024-25
8	गोवा	कोलवा	कोलवा बीच एक्सपीरियंस	15.65	2024-25
9	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	26.30	2023-24
10	कर्नाटक	मैसूर	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस ज़ोन	4.12	2023-24
11	कर्नाटक	मैसूर	इकोलॉजिकल एक्सपीरियंस ज़ोन	18.36	2023-24
12	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य का एक्सपीरियंस	13.92	2023-24
13	लद्दाख	लेह	जूले लेह जैव विविधता पार्क	24.89	2023-24
14	लद्दाख	कारगिल	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस	12.01	2023-24
15	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग एक्सपीरियंस ज़ोन	16.73	2023-24
16	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	27.21	2023-24
17	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि विरासत थीम पार्क -	76.22	2024-25

			चरण 3		
18	मेघालय	सोहरा	वाटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस	27.84	2023-24
19	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस	32.45	2023-24
20	नागालैंड	चुमुकोदिमा	चुमुकोदिमा व्यू पाइंट पर इको-टूरिज्म एक्सपीरियंस	7.87	2024-25
21	नागालैंड	चुमुकोदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस	21.56	2023-24
22	पुडुचेरी	कराईकल	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस	20.29	2023-24
23	पंजाब	कपूरथला	कांजली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस	20.06	2023-24
24	पंजाब	अमृतसर	अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस	25.90	2024-25
25	राजस्थान	बूंदी	आध्यात्मिक एक्सपीरियंस, केशवरायपाटन	17.37	2023-24
26	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस	15.40	2023-24
27	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	22.59	2023-24
28	तमिलनाडु	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	30.02	2023-24
29	तेलंगाना	भोंगीर	भोंगीर फोर्ट एक्सपीरियंस ज़ोन	56.81	2023-24
30	तेलंगाना	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन ज़ोन	38.00	2023-24
31	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	13.02	2023-24
32	उत्तर प्रदेश	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	15.94	2023-24
33	उत्तराखंड	पिथौरागढ़	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस	32.20	2023-24
34	उत्तराखंड	चंपावत	टी गार्डन एक्सपीरियंस	11.21	2023-24
कुल राशि				**793.20**	

*****